# कार्यालय नगर परिषद्, बालोतरा (बाड़मेर)

क्रमांक–NIT/2018-19/ 1614 दिनांक 28/3/2018

## ई–निविदा सूचना संख्या : 06/2018–19

निम्न कार्य के लिये क्रेन्द्र एवं राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागो द्वारा मान्यता प्राप्त/सुदृढ व सक्षम संवेदकों से ई–टेन्डरिंग प्रक्रिया से ऑनलाइन निविदायें आमन्त्रित की जाती है :–

| क. सं. | कार्य का विवरण | लागत (लाखों में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | संबंधित परियोजना कार्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रदूषण जन्य व्यवसाय कर (सेसकर) | 2.40 करोड़ प्रतिमाह | कार्यादेश तिथी से दिनांक 31.03.2019 तक | Municipal Council Balotra, Pachapadra Road, Balotra Tel. No. 02988-220043 E-mail ID:- mbbalotra@yahoo.co.in |

**निविदा प्रपत्रो को वेब साइट http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। इन निविदाओं में भाग लेने वाले संवेदको को निविदा इलेक्ट्रोनिक फारमेट में वेब साइट http://eproc.rajasthan.gov.in पर जमा कराऐं।**

1. निविदा वसूली संबंधी अन्य शर्ते परिषद् कार्यालय बेवसाईट **http://lsg.urban.rajasthan.gov.in/ulbbalotra** एवं एसपीपीपी पोर्टल व ई–टेण्डर की आनलाईन बेवसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. सभी शर्ते अधिकारिक निविदा प्रपत्र के अनुसार मान्य होगी।
3. निविदा प्रपत्रों हेतु डाउनलोड की अवधि दिनांक **06.04.2018** प्रातः 10.00 बजे से दिनांक **06.05.2018** को सांय 6.00 बजे तक होगी ।
4. **(अ)–निविदा प्रपत्रों इलेक्ट्रोनिक फॉरमेट में बेव साइट http://eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 06.05.2018** सॉयकाल 6.00 बजे तक जमा कराये जा सकते हैं एवं प्राप्त निविदायें, इलेक्ट्रोनिक फॉरमेट में बेव साइट http://eproc.rajasthan.gov.in पर, आयुक्त एवं सेसकर ठेका कमेटी नगरपरिषद् द्वारा दिनांक **07.05.2018** को दोपहर 2.30 बजे Technical Bid तथा Financial Bid खोली जायेगी। यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो अगले कार्य दिवस को उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेगी।
   **(ब)**–निविदा जमा करवाने एवं उसके बाद निविदा की समस्त प्रक्रिया ऑन लाइन होगी ।
5. नगरपरिषद् कार्यालय में संवेदक द्वारा दिनांक **06.04.2018** से दिनांक **04.05.2018** तक किसी भी कार्य दिवस में 11.00 बजे पूर्वान्ह से 4.00 बजे अपरान्ह तक निविदा प्रपत्र को देखा जा सकता है अथवा वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर भी देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र में निविदादाता के लिए योग्यता सूचना, निविदादाता की पात्रता,प्लान, कर वसूली में दक्षता, कार्यों की मात्रा एवं दरों का विवरण, नियम, शर्ते एवं अन्य विवरण वर्णित है।

आयुक्त
नगर परिषद, बालोतरा

6. निविदादाता द्वारा निम्नलिखित राशि नगरपरिषद् बालोतरा कार्यालय में नियमानुसार जमा करानी होगीः–

| क. सं. | शुल्क विवरण | शुल्क | भुगतान का प्रकार | देय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | निविदा शुल्क | 5000/– | नकद अथवा डिमाण्ड ड्राफट | आयुक्त, नगरपरिषद् बालोतरा |
| 2. | धरोहर राशि | 60.00 लाख | डिमाण्ड ड्राफट | आयुक्त, नगरपरिषद् बालोतरा |
| 3. | ई–टेन्डरिंग प्रक्रिया शुल्क | 1000/– | डिमाण्ड ड्राफट | **Managing Director, RISL Jaipur** |

उपरोक्त राशि निविदादाता द्वारा आयुक्त नगर परिषद् कार्यालय में दिनांक **07.05.2018** को दोपहर 2.00 बजे से पूर्व आवश्यक रूप से जमा करावें। यदि समय पर राशि जमा नहीं होती है निविदा मान्य नहीं होगी।

7. निविदा में संशोधन निविदा जारी करने के उपरान्त http://eproc.rajasthan.gov.in वेबसाईट पर ही जारी किये जायेंगें। निविदादाताओं द्वारा वेब (ई–मेल) पर संशोधन/स्पष्टीकरणों को प्राप्त नहीं करने के संबंध में किसी भी दावे को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

8. **ई–टेन्डरिंग के लिये निविदा दाता हेतु निर्देश**

**अ.** निविदा में भाग लेने वाले निविदादाताओं को इन्टरनेट साइट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर करवाना होगा। ऑन लाइन निविदा में भाग लेने के लिए डिजिटल सिगनेचर सर्टिफिकेट इनफोरमेशन टेक्नोलॉजी एक्ट – 2000 के तहत प्राप्त करना होगा जो इलेक्ट्रोनिक निविदा में साइन करने हेतु काम आयेगा। निविदादाता उपरोक्त डिजिटल सिगनेचर सर्टिफिकेट सी सी ए (CCA) द्वारा स्वीकृत एजेन्सी से प्राप्त कर सकते है। जिन निविदादाताओं के पास पूर्व में वैघ डिजिटल सिगनेचर सर्टिफिकेट है, नया डिजिटल सिगनेचर सर्टिफिकेट लेने की आवश्यकता नहीं है।

**ब.** निविदादाताओं को निविदा प्रपत्र इलेक्ट्रोनिक फार्मेट में उपरोक्त वेबसाइट पर डिजिटल साइन के साथ प्रस्तुत करना होगा । जिनके प्रस्ताव डिजिटल साइन के साथ नहीं होगें, उनके प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेगें।

**स.** इलेक्ट्रोनिक निविदा प्रपत्र को जमा करवाने से पूर्व निविदादाता यह सुनिश्चित कर लेवें कि निविदा प्रपत्र से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्केन कॉपी निविदा प्रपत्रों के साथ संलग्न कर दी गयी है।

**द.** किसी निविदादाता द्वारा यदि इलेक्ट्रोनिक निविदा प्रपत्र जमा करवाने में देरी हो जाती है तो उसके लिए परिषद् जिम्मेदार नहीं होगा।

**य.** निविदा प्रपत्र की सभी सूचियों को संपूर्ण रुप से भरकर ऑन लाईन दर्ज करें।

**र.** ऑन लाइन निविदा भरते समय संबन्धित निर्देशों का पालन नही करने के परिणामस्वरूप निविदा प्रक्रिया में उत्पन्न किसी भी प्रकार की बाधा के लिए परिषद् जिम्मेदार नही होगा ।

आयुक्त
नगरपरिषद् बालोतरा